| 20 | It lives in rigid thought formulas and habitual grooves of thought. | **यह दृढ़ वैचारिक नियमों और सोच के अभ्यासगत खाँचों में रहता है।** |
| 21 | Narrowness and doubt are the chief defects of the physical mind. | **संकीर्णता और आत्म-संदेह भौतिक दिमाग के मुख्य दोष हैं।** |
| 22 | The lower part of the physical mind is the mind involved in the physical consciousness. | **भौतिक दिमाग का निचला हिस्सा दैहिक चेतना में लिप्त है।** |
| 23 | It is the mental physical or the mechanical mind. | **यह मानसिक देह या यांत्रिक मन है।** |
| 24 | This part is closely tied to the externalising mind. | **यह हिस्सा बहिर्व्यक्त मन से जुड़ा है।** |
| 25 | When left to itself, it will simply go on repeating past customary thoughts, ideas and reactions. | **अपने आप से, यह केवल पिछले प्रथागत विचारों, धारणाओं और प्रतिक्रियाओं को दोहराएगा।** |
| 26 | It is habitual and mechanical. | **यह प्रथागत और यांत्रिक है** |

| | | |
|---|---|---|
| 27 | It is animated by the physical consciousness, not the rational intelligence. | **यह भौतिक चेतना द्वारा अनुप्राणित है, विवेक-बुद्धि द्वारा नहीं।** |
| 28 | It simply stores, associates, repeats, gives reflexes and reactions to outward contacts of life. | **यह जीवन के बाहरी संपर्कों का केवल संग्रह करने, जोड़ने, दोहराने, अनैच्छिक-क्रिया और प्रतिक्रिया देने का काम करता है।** |
| 29 | This mechanical mind is necessary for the maintenance of things gained through the outer life experiences. | **बाह्य जीवन के अनुभवों के माध्यम से प्राप्त वस्तुओं के रखरखाव के लिए यह यांत्रिक मन आवश्यक है।** |
| 30 | It is by conservation and repetition that Nature does that. | **संरक्षण और पुनरावृत्ति द्वारा प्रकृति ऐसा कर पाती है।** |
| 31 | The subconscient is the basis of conservation and the mechanical mind is the means of repetition. | **अवचेतन संरक्षण का आधार है और यांत्रिक मस्तिष्क पुनरावृत्ति का साधन है।** |

# 9. Vital Mind  प्राणमय मन

| No. | VO | |
|---|---|---|
| 1 | The vital mind mediates between vital emotions, desires, impulses and the mind proper. | प्राणमय-मन मध्यस्थता करता है प्राणकोष के भावनाओं, इच्छाओं, आवेगों और समुचित मन के बीच । |
| 2 | Its movements are experienced in the upper chest just above the emotional being. | इसकी अनुभूति होती है छाती के ऊपरी भाग में, भावप्रधान आत्म के ठीक ऊपर। |
| 3 | The vital mind gives mental forms to the desires, feelings, emotions, passions, ambitions, possessive and active tendencies of the vital. | प्राणकोष की इच्छाओं, भावनाओं, आवेगों, उत्कटेच्छा, महत्वाकांक्षाओं, स्वामित्व और सक्रिय प्रवृत्तियों को मानसिक रूप देता है प्राणमय मन। |
| 4 | It uses thought for the service not of reason but the vital pushes, pulls and reactions. | यह विचार को विवेक-बुद्धि के लिए नहीं बल्कि प्राणकोष के खींचा-तानी और प्रतिक्रिया के लिए प्रयोग करता है। |
| 5 | It is a mind of dynamic will, action and desire, not of rational intelligence. | यह मन है गतिशील संकल्प, क्रियाशीलता और इच्छा का, विवेक-बुद्धि का नहीं। |
| 6 | It is very energetic and creative. | यह बहुत ओजस्वी और रचनात्मक होता है। |
| 7 | The function of this mind is to dream or imagine what can be done. | कर्म की कल्पना और स्वप्न देखना इसका प्रकार्य है |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | It lives by imagination and makes formations for the future. | यह कल्पना से सजीव रहता है और भविष्य के लिए सरंचनाएं बनाता है। |
| 9 | The pure imaginations or dreams of greatness, happiness etc. in which people indulge are one peculiar form of the vital mind activity. | विशुध्य कल्पनाएं या महानता, खुशी आदि के सपने जिसमें लोग लिप्त रहते हैं, प्राणिक मन के गतिविधि का एक निराला रूप है। |
| 10 | By its power of imagination, it goes beyond the sense bound physical mind and the physical actuality. | कल्पना की शक्ति द्वारा, यह इन्द्रिय-बधित भौतिक मन और वास्तविकता से परे चला जाता है। |
| 11 | It has an incessant drive towards self-exceeding. | आत्म श्रेष्ठता की ओर बढ़ने का इसमें दृढ़ संकल्प होता है। |
| 12 | It always needs some kind of activity and change. | किसी प्रकार की सक्रियता और बदलाव की आवश्यकता इसे हमेशा होती है। |
| 13 | People of action always have vital mind in a very high measure. | क्रियाशील लोगों में हमेशा उच्च मात्रा में प्राणिक मन पाया जाता है |
| 14 | However the vital mind is limited by its emotions, desires and drives. | परन्तु प्राणिक मन की शक्ति उसकी भावनाओं, इच्छाओं और उत्तेजनाओं से सीमित है। |
| 15 | It acts in random and excessive ways without discipline or concentration on what really needs to be done. | यह अनुशासन या काम पर एकाग्रता के बिना यादृच्छिक और अत्यधिक तरीके से काम करता है। |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | It has no sense of proportion or measure and is eager to be or achieve something big at once. | **इसे अनुपात या माप का कोई ज्ञान नहीं है और एक बार में कुछ बड़ा होने या प्राप्त करने के लिए उत्सुक है।** |

# 10. Mind proper: Intelligent Will (Buddhi)

## मूल-मनः बुद्धिमत्त संकल्प

| No. | VO | |
|---|---|---|
| 1 | The Mind proper is the seat of pure reason and intelligent will. | मूल मन विशुद्ध-विवेक और सुसंकल्प का पीठ स्थान है। |
| 2 | It is called buddhi in Sanskrit. | संस्कृत में इसे बुद्धि कहा जाता है |
| 3 | This power of intelligent will is normally available to humanity in the current stage of evolution. | सुसंकल्प की ये शक्ति मानवजाति को उसके क्रमागत-विकास के वर्तमान चरण में सामान्यतः उपलब्ध है। |
| 4 | It can review the past, | यह अतीत की समीक्षा कर सकता है, |
| 5 | envision future possibilities, | भविष्य की संभावनाओं की कल्पना कर सकता है, |
| 6 | and give us a sense of continuity of self in the changing flow of life and time experience. | जीवन और समय के बदलते अनुभव में हमें अविच्छिन्नता का बोध करा सकता है । |
| 7 | It organises all experiences around the sense of “I” and creates the ego, the surface personality. | यह अनुभवों को आयोजित करता है ‘मैं’ की भावना को घेर कर और अहम रचित करता है - जो हमारा सतही व्यक्तित्व है। |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | It is an instrument of the soul, by which it comes into ordered possession of itself and its surroundings. | यह आत्मिक उपकरण है, जिसके द्वारा यह स्वयं और परिवेश पर सुव्यवस्थित अधिकार कर लेता है। |
| 9 | By the activity of the intelligent will the soul begins the process of awakening. | बुद्धिमत्त-संकल्प के क्रिया से आत्म-जागृति की प्रक्रिया शुरू होती है। |
| 10 | There are two parts to the Mind Proper. | मूल मन के दो भाग हैं। |
| 11 | The Thinking Mind and | विचारशील मन और |
| 12 | The Dynamic Mind. | गतिशील मन। |
| 13 | The Thinking Mind is essentially a mind of knowledge. | विचारशील मन तत्त्वत: ज्ञप्ति का मन है। |
| 14 | Here pure reason, free from the senses, deals with abstract ideas, principles and the essential nature of things. | यहाँ विशुद्ध युक्ति, इंद्रियों से मुक्त, अमूर्त विचारों, सिद्धांतों और वस्तुओं के तात्त्विक स्वभाव से संबंधित है। |
| 15 | It concerns with a disinterested pursuit of truth and knowledge. | इसे सत्य और ज्ञान के निःस्वार्थ खोज में दिलचस्पी है। |
| 16 | It lives in the world of ideas. | यह विचारों की दुनिया में रहता है |
| 17 | The thinking mind finds its satisfaction in the reasoning and logical intelligence. | विचारशील मन तर्क वितर्क और तार्किक-बुद्धि में अपनी संतुष्टि पाता है। |
| 18 | Its role is to give the right direction to our energy and actions. | इसकी भूमिका हमारी शक्ति और |

| | | |
|---|---|---|
| | | **कार्यों को सही दिशा देना है।** |

| | | |
|---|---|---|
| 19 | The ability to use reason with any purity is not very common, but the attempt to do so is the topmost capacity of the thinking mind. | **शुद्ध रूप से विवेक का उपयोग करना आम नहीं है, पर विचारशील मन की इसमें कोशिश उसकी सर्वोच्च क्षमता है।** |
| 20 | For action in the world the Thinking Mind depends on the aid of the Dynamic Mind. | **दुनिया में सक्रिय होने के लिए विचारशील मन गतिशील मन की सहायता पर निर्भर है।** |
| 21 | The Dynamic Mind is a mind of Will to action. | **गतिशील मन क्रियाशीलता के प्रति दृढ़-निश्चय लाने वाला मन है।** |
| 22 | It is a channel for putting ideas into action. | **विचारों को क्रियान्वित करने का यह एक माध्यम है।** |
| 23 | It has a pragmatic intellectuality in which creation and action are its real motives. | **इसमें एक व्यावहारिक बौद्धिकता है जिसमें सृजन और क्रियाशीलता वास्तविक उद्देश्य हैं।** |
| 24 | It acts by idea and reason. | **यह विचार और सूझ-बूझ से कार्य करता है।** |
| 35 | To this pragmatic reason, truth is only a formation of the Thinking Mind effective for the action. | **इस व्यावहारिक विवेक-बुद्धि के लिए, सत्य केवल विचारशील मन की उत्पत्ति है - क्रियान्वयन में प्रभावशाली।** |
| 36 | It is in itself, therefore, a mind of the Will to life and action. | **अतः, यह अपने आप में, जीवन और क्रियान्वयन में काम आने वाला इच्छाशक्ति का मन है।** |

| | | |
|---|---|---|
| 37 | It uses the Externalising Mind as a channel for manifesting its ideas. | **यह अपने विचारों को प्रकट करने के लिए बाह्यमन को एक माध्यम की तरह प्रयोग करता है।** |
| 38 | However, all these three layers of the mind do not work in their own purity. | **हालांकि, मन की ये तीन परतें अपनी विशुद्ध रूप में काम नहीं करती हैं।** |
| 39 | They are assailed by the defects of the lower instruments. | **वे निम्न कर्ता के त्रुटियों से आहत होते हैं।** |

| | | |
|---|---|---|
| 40 | The intelligence and will of the mind must be made free from the invasion of the emotions, desires, drives and the habits. | **मन की बुद्धि और इच्छाशक्ति, भावनाओं, लालसाओं, उत्तेजनाओं और आदतों के हस्तक्षेप से मुक्त होनी चाहिए।** |
| 41 | This will purify the intelligent will and its power of pure reason. | **इस से सुसंकल्प और विशुद्ध-विवेक की शक्ति का शुद्धीकरण होगा।** |
| 42 | For further development, the mind must cease from thought and arrive and inner silence. | **आगे के विकास के लिए, मन को विचारशीलता का अंत कर आंतरिक मौन प्राप्त करना होगा।** |
| 43 | Its inward opening would lead to the discovery of the psychic being and its transformative influence. | **इसका आंतरिक-समर्पण से चैत्य पुरुष का प्रकटीकरण और उसके द्वारा होने वाले रूपान्तरिक प्रभाव होगा।** |
| 44 | Its upward opening would lead to the spiritual ranges of the mind and their transformative influence... | **इसका ऊर्ध्व-समर्पण मन के आध्यात्मिक श्रेणियों और उनके परिवर्तनशील प्रभाव की दिशा ले जायेंगीं ...** |
| 45 | An increasingly silent and still mind would open to the inner and higher ranges of the mind. | **अत्यधिक शांत और स्थिर मस्तिष्क आंतरिक और ऊर्ध्व मन के श्रेणियों को समर्पित होगा।** |

# 11. Inner Being: The Subliminal Self

# आन्तरिकात्म : स्वंतरचेतना

| No. | | |
|---|---|---|
| 1 | The subliminal self is a vast and submerged portion of our consciousness. | **अंतर-चेतना हमारी चेतना का एक विशाल और अथाह भाग है।** |
| 2 | Our waking mind and ego are only the tip of an iceberg. | **हमारा सचेत दिमाग और अहम केवल एक हिमशैल की नोक के सामान हैं।** |
| 3 | This tip is experienced as our surface consciousness. | **यह नोक हम अपनी सतही चेतना के रूप में अनुभवित् करते हैं।** |
| 4 | It is our outer being. | **यह हमारा बाहरी अस्तित्व है।** |
| 5 | Behind this outer being is our inner being or the subliminal range. | **इस बाहरी अस्तित्व के पीछे हमारी आंतरिक अस्तित्व या अंतर-चैत्य विस्तार है।** |
| 6 | Behind the outer mind there is a vaster and truer inner mind. | **बाहरी मन के पीछे एक और विस्तीर्ण और विशुद्ध आंतरिक मन है।** |
| 7 | Behind the outer vital there is a vaster and truer inner vital. | **बाह्य प्राणधार के पीछे एक विस्तीर्ण और विशुद्ध आंतरिक-प्राणाधार है।** |
| 8 | Behind the outer physical there is a vaster and truer inner physical. | **बाहरी देह के पीछे एक विस्तीर्ण और विशुद्ध आंतरिक-देह है।** |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | In these inner ranges are the formations of our larger true individuality. | इन आंतरिक क्षेत्रों में हैं हमारे विशाल और वास्तविक व्यक्तित्व की संरचनाएं। |
| 10 | To know our inner being is the first step towards a real self-knowledge. | वास्तविक आत्म-ज्ञान की दिशा में पहला कदम है हमारे आंतरिक स्व से परिचित होना । |
| 11 | It is through dream state that we usually enter the subliminal. | और सामान्यतः अंतर-चेतना में हम प्रवेश करते हैं स्वप्न के माध्यम से। |
| 12 | It is a subtle dimension of reality. | वास्तविकता का यह एक सूक्ष्म आयाम है। |
| 13 | While dreaming, we move in these subtle worlds using our subtle body. | सपनों में हम पारलौकिक दुनियाओं का भ्रमण करते हैं अपनी सूक्ष्म शरीर में। |
| 14 | Our material body is only an outer form. | हमारे मूर्त रूप केवल एक बाहरी अकार हैं। |
| 15 | There is an invisible subtle body enveloping the material body. | एक अदृश्य सूक्ष्म-देह मूर्त-शरीर को घेरे रहता है। |
| 16 | The chakras or the centres of consciousness are located in this subtle body, not in the material body. | कुण्डलिनी चक्र या चेतना के केंद्र इस सूक्ष्म शरीर में स्थित हैं, मूर्त-शरीर में नहीं। |
| 17 | The subtle body is composed of subtle physical, vital and mental sheaths. | सूक्ष्म शरीर सूक्ष्म भौतिक, प्राणाधार |

| | | |
|---|---|---|
| | | और मानसिक कोशों का बना है। |

| | | |
|---|---|---|
| 18 | It is by using one of these sheaths that we move around in its corresponding subtle worlds or planes of consciousness. | **ऐसे ही किसी एक कोश का प्रयोग कर के, हम अनुकूल सूक्ष्म संसारों में अथवा चेतना के भिन्न चरणों में विचरण करते हैं।** |
| 19 | The subtle body is an individual formation. | **सूक्ष्म शरीर एक व्यक्तिगत गठन है।** |
| 20 | The subliminal extends beyond these sheaths and forms a circumconscient envelope. | **अंतर-चेतना इन कोशों के और आगे विस्तृत रहती है और एक प्रभामंडल स्वरूप आवरण बनी रहती है।** |
| 21 | It is through this envelope that the external world consciousness enters into individual consciousness. | **इस आवरण के द्वारा ही बाहरी दुनिया की चेतना व्यक्तिगत चेतना में प्रवेश करती है।** |
| 22 | This envelop is surrounded by the ocean of universal mind, universal vital and universal physical consciousness. | **यह आवरण सार्वभौमिक मन, प्राणाधार और भौतिक चेतना के महासागर से घिरा हुआ है।** |
| 23 | The circumconscient envelope can expand and open to the universal range. | **प्रभामण्डलीय आवरण सार्वभौमिक क्षेत्रों की ओर विस्तृत और व्यापक हो सकते हैं।** |
| 24 | In this concealed subliminal part of our being, our individuality is close to our universality, in constant relation and exchange with it. | **हमारे इस गुप्त अन्तर्चैत्य भाग में, हमारा व्यक्तित्व हमारे सार्वभौमिकता के करीब है, निरंतर संबंध और इसके साथ विनिमय में।** |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | All these together constitute the subliminal and universal ranges of our inner being. | **ये सभी एक साथ हमारे भीतर के अस्तित्व के अंतर-चेतन और सार्वभौमिक सीमाओं का निर्माण करते हैं।** |
| 26 | Our body exists in this vaster ocean. | **हमारा शरीर इस विशाल समुद्र में विद्यमान है।** |
| 27 | Our inner being does not depend on the sense organs. | **हमारा भीतरी अस्तित्व इन्द्रियों पर निर्भर नहीं होता।** |
| 28 | It can know through a direct contact of consciousness with another consciousness. | **यह चेतना का अन्य चेतना के साथ सीधे संपर्क से बोध प्राप्त करने की क्षमता रखता है।** |
| 29 | By this inner contact we can know the thoughts and feelings of people around us and feel their impact. | **इस आंतरिक संपर्क से हम अपने आसपास के लोगों के विचारों और भावनाओं को जान सकते हैं और उनका प्रभाव महसूस कर सकते हैं।** |
| 30 | There is an exchange happening all the time without our awareness. | **हमारे जानकारी के बिना निरंतर एक विनिमय चलता रहता है।** |
| 31 | Our inner being has subtle senses and their operations bring telepathy, clairvoyance and other supernormal capacities. | **हमारे भीतर सूक्ष्म इंद्रियां हैं, जिनकी कार्यवाही दूरानुभूति, सूक्ष्म-दृष्टि और अन्य अलौकिक क्षमताएं लाती हैं।** |

| | | |
|---|---|---|
| 32 | It opens the narrow limits of our physical senses and brings an immense range of knowledge and power that are otherwise inaccessible. | यह हमारी भौतिक इंद्रियों की संकीर्ण सीमा को खोलता कर ज्ञान और शक्ति की एक विशाल सीमा प्रदान करती है जो अन्यथा अनुपलब्ध है। |
| 33 | From this subliminal come all the greater aspirations, ideals and strivings towards a better humanity. | इस अंतर-चेतना से उत्पन्न होती हैं, बेहतर मानवता की दिशा में सभी बड़ी आकांक्षाएँ, आदर्श और प्रयास। |
| 34 | Below the subliminal are the ranges of the subconscient and the inconscient. | अंतर-चेतना से नीचे होती हैं श्रेणियां अवचेतन और अचेतन कीं। |
| 35 | These regions are obscure and habitual unlike the subliminal. | यह क्षेत्र अंतर-चेतना के विपरीत अस्पष्ट और प्रथाग्रस्त होते हैं। |
| 36 | Above the subliminal are the superconscient ranges | अंतर-चेतना के ऊपर हैं परचैतन्य श्रेणियां । |
| 37 | Usually, the word ‘unconscious’ is used in the Western psychology to cover the subliminal, the subconscient and the superconscient. | साधारणत:,पश्चिमी मनोविज्ञान में ’अचेतन’ शब्द का प्रयोग अंतर-चेतना, अवचेतना और परचेतना को समाविष्ट करता है। |
| 38 | But Sri Aurobindo clearly distinguishes them. | लेकिन श्री औरोबिन्दो स्पष्ट रूप से उनमे अंतर समझाते हैं। |

# 12. Psychic Being: The Evolving Soul

# चैत्य पुरुष: उद्विकासी आत्मा

| Sc | Voice Over | |
|---|---|---|
| 1 | Psyche is a Greek word for ‘soul’. | यूनानी में आत्मा को Psyche कहते हैं। |
| 2 | The soul is a spark of the Divine that supports evolution in the material world. | आत्मा एक दिव्य-किरण है जो भौतिक दुनिया में क्रमागत-विकास का पोषण करता है। |
| 3 | It contains all possibilities and it is the function of evolution to give it form. | इसमें सभी संभावनाएं सम्मिलित हैं और क्रमागत-विकास का कार्य है इसे आकार देना। |
| 4 | The psychic being is formed by the soul in its evolution. | आत्मा के क्रमागत-विकास से रचित है चैत्य-पुरुष। |
| 5 | It is our inmost and true being, behind the surface ego personality. | यह हमारा सबसे अंतरतम और वास्तविक अस्तित्व है, हमारे सतही अहं वाले व्यक्तित्व से परे। |
| 6 | It is the *antarātman*, or *caitya puruṣha* in Sanskrit. | संस्कृत में इसे अन्तरात्मन या चैत्य-पुरुष कहते हैं। |
| 7 | It supports the mind, the vital and the body and grows by their experiences. | यह मन, प्राणाधार और देह का पोषण करते हुए उनके अनुभवों से पनपता है। |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | This psychic being is the representative of the central being, known as *jivatman* in Sanskrit. | **यह चैत्य-पुरुष, केन्द्रिक अस्तित्व का प्रतिनिधि है जिसे संस्कृत में जीवात्मन कहते हैं।** |
| 9 | The central being above presides over all the births but it does not descend into birth in time. | **केन्द्रिक अस्तित्व सभी जन्मों का सञ्चालन करता है लेकिन स्वयं काल में उतर कर जन्म नहीं लेता।** |
| 10 | It is our eternal and infinite Self. | **यह हमारा शाश्वत और अनंत आत्म है।** |
| 11 | Spiritual liberation comes by an ascent and union with this universal Self. | **आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है आरोहण और इस सार्वभौमिक आत्म से मिलाप द्वारा।** |
| 12 | But for the evolutionary transformation of life and nature, the awakening of the psychic being is indispensable. | **लेकिन जीवन और प्रकृति के विकासिक परिवर्तन के लिए, चैत्य-पुरुष का जागृत होना अनिवार्य है।** |
| 13 | Our psyche, in its early stages of development, exists only as a divine spark. | **हमारा चैतन्य, विकास के अपने प्रारंभिक दौर में, केवल एक दिव्य-किरण के समान है।** |
| 14 | This soul spark evolves through the cycles of rebirth through increasingly complex life forms. | **यह आत्म-किरण पुनर्जन्म के चक्रों के माध्यम से क्रमश: जटिल जीवन-रूपों को धारण करते हुए विकसित होती है।** |
| 15 | It is the impeller of evolution on earth, the Agni of the vedic seers. | **पृथ्वी पर विकास को प्ररित करनेवाला, वैदिक द्रष्टाओं का अग्नि है ये।** |
| 16 | It carries the essence of experiences from the past births into the present birth. | **यह पिछले जन्मों के अनुभवों का सार वर्तमान जन्म में ले आता है।** |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | It is the knower of our purpose and mission in the world. | **यह हमारे उद्देश्य और वैश्विक-ध्येय का जानकार है।** |
| 18 | This leader of our evolution is behind the veil of our surface consciousness, the ego, the false outer personality. | **हमारे विकास का यह मार्ग-दर्शक, हमारी सतही चेतना, अहम् और झूठी बाहरी व्यक्तित्व के घूंघट के पीछे स्थित है।** |
| 19 | Our psychic being reveals itself as a gentle response and preference for all that is True, Good and Beautiful. | **हमारा चैत्य-पुरुष  प्रकट होता है हमारे विनम्र प्रतिक्रियाओं और झुकावों में जो सत्य, सुन्दर और भले हैं।** |
| 20 | But normally this gentle response gets lost in the flux of surface consciousness. | **परन्तु साधारणतः ये सौम्य प्रतिक्रिया सतही चेतना के प्रवाह में गुम हो जाती है।** |
| 21 | Our identification with the mental chatters, the emotional flux and the sensations; veils the messages coming from the emerging psychic being. | **निरंतर दिमागी बढ़बढ़, भावावेश के उथल-पुथल और इंद्रिय उत्तेजनाओं से हमारा एकीकरण, सब मिल कर उभरते हुए चैत्य-पुरुष के सन्देशों और इशारों को ढक देते हैं।** |
| 22 | Therefore it is necessary to establish inner silence and peace. | **इसलिए आंतरिक मौन और शांति स्थापित करना आवश्यक है।** |
| 23 | The psychic being can be discovered by a deep inward journey. | **चैत्य-पुरुष को खोज पाना एक गहरी आंतरिक यात्रा के बाद ही संभव है।** |
| 24 | The more we accept this inner call, the more the inner guide reveals. | **जितना हम इस आंतरिक निर्देश को स्वीकार करते हैं, उतना ही ये आंतरिक मार्ग-दर्शक हमें राह दिखाता है।** |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | Then, under the influence of the psychic being, the subliminal ranges opens up. | **फिर चैत्य-पुरुष के प्रभाव में, अंतर्चेतना के असीम क्षेत्र प्रकट होते हैं।** |
| 26 | Deep within the depths of the heart is our psychic being. | **दिल की गहराईओं के अंदर है हमारा चैत्य-पुरुष।** |
| 27 | As the psychic comes forward to take charge of our evolution, the utility of the ego ends. | **जैसे-जैसे चैत्य-पुरुष उभरता है हमारे क्रमागत-विकास की बाग़-डोर अपने हाथों में लेने के लिए, वैसे-वैसे अहम् की उपयोगिता समाप्त होती है।** |
| 28 | The natural attitude of the psychic being is to feel itself as the child of God, the devotee. | **चैत्य-पुरुष की स्वाभाविक प्रवृत्ति, ईश्वर का एक शिशु, एक भक्त होने का है।** |
| 29 | It is full of love and delight and feels itself as a portion of the divine. | **यह प्रेम और आनंद से भरा है और स्वयं को दिव्य-अंश के रूप में अनुभव करता है।** |
| 30 | Our true individualisation happens with the emergence of the psychic being. | **हमारा वास्तविक व्यक्तिगतकरण चैत्य-पुरुष के उदय होने के साथ होता है।** |
| 31 | It brings the experience of oneness with the larger existence and yet acts as a unique centre for the action of the divine in the world. | **ये दीर्घ-व्यापी जीवन के साथ ऐक्यता का अनुभव कराता है और विश्व में दिव्य-कार्य का एक अनूठे केंद्र का काम करता है।** |

# Planes of consciousness

# चित्त क्षेत्र

| Sc | Voice Over | |
|---|---|---|
| 1 | Our being has two poles of existence. | **हमारे अस्तित्व के दो ध्रुव हैं।** |
| 2 | The superconscient pole is above. | **परचैतन्य ध्रुव ऊपर है।** |
| 3 | And the inconscient pole is below. | **और अचेतन ध्रुव नीचे है।** |
| 4 | There is vast spectrum of consciousness between these two poles. | **इन दो ध्रुवों के बीच चेतना की एक विस्तृत श्रेणी है** |
| 5 | Our mind can access only a small range of consciousness that lies in between these two poles. | **हमारा मस्तिष्क, इन दो ध्रुवों के बीच का, केवल एक छोटे से चेतना-क्षेत्र तक पहुचँ सकता है।** |
| 6 | Sri Aurobindo divides this full spectrum into two hemispheres, the upper and the lower. | **श्री औरोबिन्दो इस पूरे वर्णक्रम को दो गोलार्द्धों में विभाजित करते हैं, ऊपरी और निचला।** |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | The upper half is our divine higher Nature, the formless eternal and infinite existence beyond time and space. | ऊर्ध्व गोलार्द्ध हमारा दिव्य, उच्च प्रकृति है, निराकार शाश्वत और अनंत अस्तित्व - काल और स्थान से परे। |
| 8 | The Blissfully Conscious Existence of Oneness, the Satchidananda in Sanskrit. | एकात्मकता का आनंदमय, चैतन्य, अस्तित्व - संस्कृत में सच्चिदानंद। |
| 9 | The lower hemisphere is formed by the three planes of Mind, Vital and Physical worlds in time and space. | निचला गोलार्द्ध - काल और स्थान में स्तिथ - मन, प्राणाधार और भौतिक दुनिया के तीन श्रेणियों से बनी है। |
| 10 | Between the two hemispheres is the Supermind linking both. | इन दो गोलार्द्धों के बीच स्तिथ है अतिमनस जो दोनों को जोड़ता है। |
| 11 | It is the Mahas or Vijnana of the Vedic Rishis. | यह वैदिक ऋषियों का महस या विज्ञान है। |
| 12 | Thus, as a whole, there is a vertical hierarchy of 7 planes of consciousness. | इस प्रकार, कुल मिला कर, चेतना के ऊर्ध्वाधर वर्गीकरण के 7 श्रेणियां है। |
| 13 | The Supermind is the creative power that builds the worlds. | अतिमनस वो रचनात्मक शक्ति है जो विश्व निर्माण करता है। |
| 14 | All the higher planes are involved in the physical plane. | सभी उच्च श्रेणियां भौतिक श्रेणी में विद्यमान हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| 15 | The evolution unfolding on the earth is in the physical plane, as a result of pressure arising from within the physical plane to express the involved consciousness. | **भौतिक में विद्यमान चेतना को अभिव्यक्त करने के, आंतरिक दबाव के परिणामस्वरूप ही, पृथ्वी पर उभरने वाला क्रमागत-विकास भौतिक क्षेत्र में होता है।** |
| 16 | This is supported by a descending pressure from the planes above. | **यह ऊपर के क्षेत्रों से अवरोही दबाव द्वारा पोषित है** |
| 17 | The emergence of human beings on earth is a result of the descend of the mental plane into the physical plane. | **पृथ्वी पर मनुष्यों का उद्‌भव मानसिक का भौतिक क्षेत्र में उतरने का एक परिणाम है।** |
| 18 | A yogi can consciously ascend to the higher planes. | **योगी सचेत रूप से उच्च श्रेणियों पर आरोहण कर सकते हैं।** |
| 19 | Within the mental plane itself there are spiritual ranges. | **मानसिक श्रेणियों के सीमाओं में ही आध्यात्मिक क्षेत्र विद्यमान हैं।** |
| 20 | First is Higher Mind that transforms our step by step linear thought process into mass ideation | **प्रारम्भ में उच्चतर मन है जो, हमारे क्रमशः रेखाकार विचार-प्रक्रिया को, व्यापक विचार में परिवर्तित करता है।** |
| 21 | Second is Illumined Mind of light, vision and revelatory knowledge.. | **दूसरा क्षेत्र ज्योत, दूरदर्शिता और भविष्यसूचक ज्ञान का प्रकाशित मन है ।** |
| 22 | Third is the Intuition where knowledge comes by identity | **तीसरा है अंतर्ज्ञान, जहां ज्ञान एकात्मकता द्वारा प्राप्त होता है।** |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | And the Fourth is Overmind, the highest spiritual range of the Mind. | **और चौथा है अधिमनस, मन की सर्वोच्च आध्यात्मिक श्रेणी।** |
| 24 | The Overmind universalises consciousness…<br>...bringing cosmic consciousness and action. | **अधिमनस चेतना को सार्वभौमिक रूप देता है…**<br>**… लौकिक चेतना और क्रियाशीलता लाते हुए।** |
| 25 | Above the bright lid of Overmind is the plane of Supermind | **अधिमनस के उज्ज्वल सीमा के ऊपर है अतिमानसिक क्षेत्र।** |
| 26 | ...where it is no more diversity moving towards unity…<br>... but unity embracing diversity in the infinity of our being... | **… जहां, एकता की तरफ बढ़ती हुई विविधता नहीं …**<br>**… परन्तु, विविधता को गले लगाती है हुई एकता - हमारे अस्तित्व के अनन्त रूप में …** |
| 27 | The power of triple time vision, trikaladrishti, embracing the past, present and future arrives at its perfection. | **अतीत, वर्तमान और भविष्य को गले लगाते हुए त्रिपक्षीय काल की दूरदर्शिता और त्रिकालदृष्टि अपनी सिद्धि प्राप्त करती है।** |
| 28 | Knowledge and Will moves together upon the foundation of oneness... | **ज्ञान और संकल्प-शक्ति एकता की नींव पर एक साथ कार्यान्वित होते है …** |
| 29 | But such an ascent does not transform the human nature. | **लेकिन ऐसा आरोहण मानव प्रकृति को परिवर्तित नहीं करती।** |

| | | |
|---|---|---|
| 30 | All these higher ranges are yet to fully descend into human beings and manifest their higher operations. | **इन सभी उच्च श्रेणियाँ का मानव जीवन में पूर्ण रूप से अवरोहण और उनके उच्च परिचालनों में प्रकट होना अभी शेष है।** |
| 31 | Only when the dynamic powers of the higher planes descend... | **उच्च श्रेणियों की गतिशील शक्तियों के अवरोहण...** |
| 32 | ...with the psychic being as the support from below…. | **...नीचे से चैत्य-पुरुष का समर्थन और पोषण के साथ ...** |
| 33 | ...the mental, vital and physical parts of being undergo spiritual and supramental transformation. | **...ही मानसिक, प्राणाधारिक और भौतिक भागों में आध्यात्मिक और अतिमानसिक परिवर्तन संभव है।** |

## 14. Parts & Planes: Overview

## खंड और क्षेत्र: अवलोकन